**JAIN COLLEGE, J C Road, Bangalore**

**Mock Paper – 1, January - 2019**

**II PUC – Hindi (03)**

**समय: 3:15 मिनट** **कुल अंक:100**

---

**सूचना:** i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

**I. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

१. किसका व्यापारीकरण हो रहा है?

२. धर्म-पालन करने में सबसे अधिक बाधा क्या है?

३. विश्वेश्वरय्या ने किस बाँध के लिए आटोमैटिक गेटों का डिजाइन किया?

४. माँ क्या टाल नहीं सकती थी?

५. नारद क्या छिनते देख घबराए? विश्वेश्वरय्या

६. गौतमबुद्ध को जापानी भाषा में क्या कहते हैं?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x3=9**

७. झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए।

८. लेखिका बचपन में कौन-कौन-से खेल खेलती थीं?

९. हैदराबाद नवाब के सामने कौन-सी मुसीबत थी? उसका समाधान विश्वेश्वरय्या ने कैसे किया?

१०. भोलाराम की पत्नी ने नारद से क्या विनती की?

११. 'टफ्स' के पुस्तकालय के बारे में लिखिए।

**II.अ) निम्नलिखित वाक्य किसने–किससे कहा?** **4x1=4**

१२. 'दिन भर एक न एक खुचड़, निकालते रहते हैं।'

१३. 'हमारे-आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब।'

१४. 'आप साधु हैं, आपको दुनियादारी समझ में नहीं आती।'

१५. 'जब से बीमारी से उठी हूँ नाक से साँस नहीं ले सकती।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए** **2x3=6**

१६. 'अच्छा, तुम्हारे सामने यह ढेर है। इसमें से जितना अनाज उठाकर ले जा सको, ले जाओ।'

१७. 'बेटा, शब्दकोशों में उसका नाम शेष है, उपदेशकों के प्रयोग में भी आ रहा है।'

१८. 'इन्हे पिछवाड़े इनकी सहेली के घर भेज दो।'

१९. 'इसी प्रकार जो लोग स्वार्थी होकर अपने कर्त्तव्य पर ध्यान नहीं देते, वे संसार में लज्जित होते हैं और सब लोग उनसे घृणा करते हैं।'

**III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

२०. किसके बिना मनुष्य का अस्तित्व व्यर्थ है?

२१. वस्तुएँ कब सुन्दर प्रतीत होती हैं?

२२. कवि नरेन्द्र शर्मा ने किसे अधिक अपावन कहा है?

२३. कवि ने बूढ़ा चौकीदार किसे कहा है?

२४. भजनभाव में किसकी वाणी जैसा धीर है?

२५. पीर पर्वत से क्या निकलनी चाहिए?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **2x3=6**

२६. गोपिकाएँ अपने आपको क्यों भाग्यशालिनी समझती है?

२७. जीवन की सार्थकता किसमें है?

२८. दक्षिण प्रदेश की महत्ता को अपने शब्दों में लिखिए।

२९. पीड़ित व्यक्ति की संवेदना को कवि दुष्यन्त कुमार ने किस प्रकार व्यक्त किया है?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **2x4=8**

३०. प्रभु जी तुम मोती, हम धागा
जैसे सोने मिलत सुहागा।
प्रभु जी तुम स्वामी हम दासा
ऐसी भगति करें रैदासा॥

**अथवा**

धनि रहीम जल पंख को, लघु जिय पिअत अघाय।
उदधी बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय॥

३१. ले-देकर जीना क्या जीना?
कब तक गम के आँसू पीना?
मानवता ने सींचा तुझको
बहा युगों तक खून-पसीना।

**अथवा**

दरअसल शुरु से ही था हमारे अंदेशों में
कहीं एक जानी दुश्मन
कि घर को बचाना है लुटेरों से
शहर को बचाना है नादिरों से
देश को बचाना है, देश के दुश्मनों से।

**IV. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **5x1=5**

३२. हल्की सी खरोंच भी दवा न लगने पर क्या बन जाती है?

३३. किसने सारी-की-सारी छत फावड़े से खोद डाली?

३४. प्रेम के बिना किसका मूल्य नहीं है?

३५. अंहकार किसमें बाधक है?

३६. पितृ हत्या का दण्ड क्या नहीं होता?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **5x2=10**

३७. दादा जी ने किस अभिप्राय से सभी को बुलाया और क्या कहा?

**अथवा**

इन्दु के मुँह से दादा जी की बात सुनकर बेला ने क्या कहा?

३८. भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?

**अथवा**

अंहकार उन्नति में बाधक है।' एंकाकी के आधार पर श्रीधर के इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **1x4=4**

३९. क. वह गाने की कसरत कर रहा है।

ख. जैसे देश, ऐसा भेष।

ग. कृपया से मेरा नाम भी लिख लीजिए।

घ. शत्रु मैदान से दौड़ खड़ा हुआ।

**आ) कोष्टक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए: 4x1=4**

**(का, के द्वारा, को, में)**

४०. क. पीड़ितों....दान दो।

ख. नाव नदी....डूब गई।

ग. कुत्ते....पिल्ला बड़ा प्यारा है।

घ. अहमद....पत्र लिखा गया।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: 3x1=3**

४१. क. वह मुझे मुम्बई बुला रहा है।(भूतकाल में बदलिए)

ख. उस रोगी का शरीर बहुत दुर्बल था।(वर्तमान काल बदलिए)

ग. उसने अपना काम सुचारु रूप से किया। (भविष्यत् काल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: 4x1=4**

| | |
|---|---|
| ४२. क. आँख रखना | १. सम्मान नष्ट होना |
| ख. कमर कसना | २. मौज मस्ती करना |
| ग. आँखों से गिरना | ३. निगरानी करना |
| घ. गुलछर्रे उड़ाना | ४. तैयार होना |

**उ) अन्य लिंग रुप लिखिए: 3x1=3**

४३. १. दाता २.सम्राट ३. क्षत्रिय

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: 3x1=3**

४४. १. जिसका कोई आधार न हो।

२. हाथ से लिखा हुआ।

३. दूसरे के सहारे पर रहने वाला।

**ए. निम्नलिखित शब्दों के उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए: 2x1=2**

४५. १. वेश २. जीव

**ऐ. निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए: 2x1=2**

४६. १. पत्रिका २. बदलाव

**IV.अ किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए: 5x1=5**

४७. १. विज्ञान वरदान या अभिशाप

२. विज्ञापन

३. मेरे जीवन का लक्ष्य

अथवा

छोटे भाई को अच्छी संगति के महत्व पर एक पत्र लिखिए।

**आ) ४८. निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5x1=5**

विनय का आभाव एक प्रकार का खोखलापन प्रकट करता है। जिन लोगों में कोई प्रभावशाली गुण नहीं होता,वे अपनी ऐंठ और डाँट-फटकार से लोगों पर प्रभाव जमाते हैं; किन्तु गुणवानों को इनकी आवश्यकता नहीं। उनका प्रभाव तो स्वत: सिद्ध है। यदि विनयशील मनुष्य का समाज में प्रभाव थोड़ा हो तो विनयशील मनुष्य का दोष नहीं; यह समाज का दोष है। इसके अतिरिक्त प्रेम का प्रभाव चाहे थोड़ा हो पर दबाव के प्रभाव की अपेक्षा वह चिरस्थायी होता है। यदि थोड़ी देर के लिए मान भी लिया जाए की विनय सब स्थानों में काम नहीं देती-जैसे शत्रु के सम्मुख; तथापि हमें यह कहना पड़ेगा कि विनयशील पुरुष को ऐसे अवसर कम आएँगे कि जब अपनी विनय के कारण दुखद

अनुभव करना पड़े। विनय के साथ निरभिमानता, मानव जाति का आदर, सहनशीलता, धैर्य आदि अनेक सद्गुण लगे हुए हैं।

**प्रश्न:** १. विनय के साथ जुड़े अन्य सद्गुण कौन-से हैं?

२. प्रेम तथा दबाव के प्रभाव में क्या अंतर है?

३. विनय किनके सम्मुख प्रभावशाली नहीं होती?

४. विनय का अभाव क्या प्रकट करता है?

५. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

४९. **इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **5x1=5**

1. Human being is the finest creation of God.
2. Schools are the foundations of learning.
3. He spent the whole day talking to me yesterday.
4. Do your duty first, then ask for your rights.
5. Language should be simple and easy to understand.

**JAIN COLLEGE, J C Road, Bangalore**

**Mock Paper – 2, January - 2019**

**II PUC – Hindi (03)**

**समय: 3:15 मिनट** **कुल अंक:100**

---

**सूचना:** 1 सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2 प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है

**I. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

1. जो मनुष्य सत्य बोलता है, वह किससे दूर भागता है?
2. मनुष्य के कुकर्म पर कौन हँसने लगे हैं?
3. विश्वेश्वरय्या की मृत्यु कब हुई?
4. मेम साहब को क्या पसंद आए थे?
5. भोलाराम को पाँच साल से क्या नहीं मिला?
6. जापान का गुणधर्म क्या है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x3=9**

7. अंग्रेजी जहाज बीच समुद्र में डूबते समय पुरुषों ने कैसे अपना धर्म निभाया?
8. मन्नू भंडारी के बचपन के बारे में लिखिए।
9. विश्वेश्वरय्या की प्रसिद्धि तथा पदोन्नति देख कुछ इंजीनियर क्यों जलते थे?
10. नरक में निवास स्थान की समस्या कैसे हल हुई?
11. जापान के भारतीय 'रेस्तरां'- 'कलकत्ता' का वर्णन कीजिए।

**II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहें ?** **4x1=4**

12. 'क्रोधी तो सदा के हैं। किसी की सुनेंगे थोड़े ही।'
13. 'बंद करो अब इस, मन्नू का घर से बाहर निकलना।'
14. 'इनकम होती तो टैक्स होता। भुख मरा था।'
15. 'सच? मुझे गाँव के लोग बहुत पसंद है।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:** **2x3=6**

16. ' अब तक जिस घर में राज्य किया, उसी घर में पराधीन बनकर नहीं रह सकता।'
17. ' इसलिए हमारा यह धर्म है कि हमारी आत्मा हमें जो कहे, उसके अनुसार हम करें'
18. एक बार जब जबान पे चढ़ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता।'
19. ' जानती नहीं, साहब खुश होगा, तो मुझे तरक्की मिलेगी ?

**III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

20. रहीम किसे धन्य मानते हैं ?
21. बाँसुरी किस रंग की है ?
22. कवि नरेंद्र शर्मा क्या न बनने का संदेश देते हैं ?
23. हवा को क्या हो जाने से बचाना है?
24. 'माखन' का भोग कौन लगाते हैं ?
25. सीने में क्या जलनी चाहिए ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के** उत्तर **लिखिए:** **2x3=6**

26. परिश्रम के महत्व के प्रति रैदास के क्या विचार हैं?
27. बेटी रंगीन कपड़े और गहने क्यों नहीं चाहती?
28. ' मानव' ने उत्तर प्रदेश की किन विशेषताओं का वर्णन क्या है?
29. 'हो गई है पीर पर्वत सी ग़ज़ल से पाठकों को क्या संदेश मिलता है?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **2x4=8**

30. ऊधौ हम आजु भई बड़-भागी।
जिन अँखियन तुम स्याम बिलोके, ते अँखियाँ हम लागी।
जैसै सुमन बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी।
अति आनंद होत है तैसै , अंग-अंग सुख रागी।

अथवा

बढ़त-बढ़त सम्पति -सलिलु, मन-सरोजु बढ़ि जाइ।
घटत-घटत फिरि न घटै, बरु समूल कुम्हिलाइ।।

31. क्या अमरों का लोक मिलेगा ?
तेरी करूणा का उपहार ?
रहने दो हे देव ! अरे
यह मेरा मिटने का अधिकार !

अथवा

युद्धं देहि कहे जब पामर
दे न दुहाई पीठ फेर कर,
या तो जीत प्रीति के बल पर
या तेरा पद चूमे तस्कर ।

**IV. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में** उत्तर **लिखिए:** **5x1=5**

32. हर बात पर मायके की तारीफ कौन करती रहती है ?
33. दादाजी ने सबको क्या समझाया था ?
34. भारती ने भारवि को कहां देखा था ?
35. तलवार का प्रमाण किस का प्रमाण है ?
36. 'प्रतिशोध'एकांकी के एकांकीकार का नाम लिखिए।

**आ निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के** उत्तर **लिखिए:** **2x5=10**

37. बेला की मानसिक दशा का वर्णन कीजिए।

अथवा

टिप्पणी लिखिए:
१ इन्दु २ मँझली भाभी

38. सुशीला के अनुरोध पर श्रीधर ने भारवि को कहाँ-कहाँ और कैसे तलाश करने का वचन दिया?

अथवा

भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए।

**V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए** **4x1=4**

i. वह पैदल से गया है।

ii. मैं नया पोशाक पहनूँगा।

iii. उसे बहुत गुस्सा आती है।

iv. बाजार गए हैं पिताजी।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए:** **4x1=4**

39. **( स्वभाव, पावन, भला, समय)**

i..-------- परिवर्तनशील है।

ii. उसके----- में मधुरता है।

iii. वह सरस्वती देवी का----- मंदिर है ।

iv. आप----- तो जग भला।

40. **इ)निम्नलिखित वाक्य को सूचनानुसार बदलिए:** **3×1=3**

i.दरियादिली के चर्चे भी कम नहीं थे। ( भविष्यत काल में बदलिए)

ii. प्रतिभा को भट्टी में झाँकना था।( वर्तमान काल में बदलिए)

iii. दोनों का तो रास्ता ही टकराहट का है। ( भूतकाल में बदलिए)

41. **ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** **4x1=4**

| | |
|---|---|
| i. रंग जमाना | क हारकर भागना |
| ii. पीठ दिखाना | ख भाग जाना |
| iii. नौ दो ग्यारह होना | ग याचना करना |
| iv. हाथ फैलाना | घ. धाक जमना |

42. **उ अन्य लिंग रूप लिखिए:** **3x1=3**

१. मनोहर २. तनय ३. बालक

43. **ऊ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:** **3x1=3**

i. दूसरों के सहारे पर रहने वाला ।

ii. हिंसा करने वाला ।

iii. जिसमें दया हो ।

44. **ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए:** **2x1=2**

१. साधारण २. राग

45. **ऐ निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **2x1=2**

१. महत्वपूर्ण २. कहानियाँ

**अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए**: **1x5=5**

46. १. पुस्तकालय।

२.समाज सेवा।

३.जीवन में अहिंसा का महत्व।

अथवा

व्यायाम के महत्व को दर्शाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए ।

**47. आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के** उत्तर **लिखिए:** **5x1=5**

काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अदभुत परम्परा है। यह आयोजन पिछले कई बरसों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ पाँच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन - वादन की उत्कृष्ट सभा होती है। इसमें बिस्मिल्ला खाँ अवश्य रहते थे। अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार थी। वे जब काशी से बाहर रहते तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते, थोड़ी देर ही सही, मगर उसी ओर शहनाई का प्याला घुमा दिया जाता और भीतर की आस्था रीड के माध्यम से बजती थी। खाँ साहब की एक रीड १५ से २० मिनट के अंदर गीली हो जाती थी, तब वे दूसरी रीड का इस्तेमाल कर लिया करते थे।

**प्रश्न**

i. काशी की प्राचीन एवं अदभुत परम्परा क्या है ?
ii. संकटमोचन मंदिर कहाँ पर स्थित है ?
iii. बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा किसके प्रति अपार थी ?
iv. खाँ साहब की एक रीड कितने समय में गीली हो जाती थी ?
v. उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ किस वाघ को बजाते थे ?

**इ) हिंदी में अनुवाद कीजिए:** **5x1=5**

1. Always give respect to Patriots.
2. Buddhism was founded by Goutam Buddha.
3. Bangalore city is the capital city of Karnataka.
4. I will answer these questions tomorrow.
5. We have to live together with love.